AkzoNobel

# व्यापार साझेदार आचार संहिता




AkzoNobel अपना व्यापार सुरक्षा, ईमानदारी और निरंतरता के अपने मूलभूत मूल्यों के आधार पर करता है। हम अपने व्यापार साझेदारों से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा करते हैं। इस संहिता में इन मूलभूत मूल्यों को समझाया गया है और स्पष्ट रूप से बताया गया है कि AkzoNobel क्या अपेक्षा करता है। यह दर्शाता है कि हम किस के लिए खड़े हैं।

## अनुपालन

हमारे व्यापार साझेदारों से उनके द्वारा AkzoNobel के लिए किए जाने वाले व्यापार पर लागू सभी कानूनों और नियमों का पालन करने की उम्मीद की जाती है। उनसे इस संहिता में निर्धारित मूल्यों या समकक्ष मूल्यों को लागू करने की अपेक्षा की जाती है। यदि इस संहिता का कोई भी अंश स्पष्ट नहीं है तो स्पष्टीकरण के लिए उनको अपने AkzoNobel संपर्क से पूछना चाहिए। इस संहिता का गैर-अनुपालन व्यापारिक संबंध की समाप्ति सहित उपायों का परिणाम दे सकता है।

हम इस आचार-संहिता में उपलब्ध मूलभूत मूल्यों का अनुपालन करने की पुष्टि करते हैं।

नाम ______________________________

कंपनी का नाम ______________________________

दिनांक ______________________________

हस्ताक्षर

## सुरक्षा

### लोगों की सुरक्षा

हमारे व्यापार साझेदारों द्वारा प्रदत्त कार्यस्थल सुरक्षित होना चाहिए। कर्मचारियों और ठेकेदारों को सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत अवश्य कराया जाना चाहिए और जब काम पर हों, ग्राहकों का दौरा, या यात्रा कर रहे हों तो हर समय, उन्हें लागू करने का निर्देश अवश्य दिया जाना चाहिए। सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए एक प्रक्रिया यथास्थान है।

### प्रक्रिया सुरक्षा

यह महत्वपूर्ण है कि हमारे व्यापार साझेदार अनुसंधान, निर्माण और परिवहन जैसी हमारे लिए उनकी गतिविधियों से उत्पन्न खतरों, चोटों, अपशिष्ट या नुकसान के परिचालन जोखिमों का व्यवस्थित ढंग से आँकलन और नियंत्रण करते हैं। उनके कर्मचारियों और ठेकेदारों को सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन अवश्य करना चाहिए, और सुरक्षा जोखिमों और घटनाओं को तुरंत रिपोर्ट और नियंत्रित अवश्य किया जाना चाहिए।

### उत्पाद सुरक्षा

हमारे व्यापार साझेदार उत्पाद सुरक्षा विनियमों का ठीक से पालन अवश्य करते हैं और, उत्पादों पर उचित प्रकार से लेबल लगाते हैं और उत्पाद-हैंडलिंग आवश्यकताओं को संचारित करते हैं। AkzoNobel के लिए निर्मित और इसे आपूर्ति किए गए उत्पादों के प्रति अनाश्रित (एक्सपोज्ड) हुए लोगों को खतरनाक पदार्थों के प्रति अनाश्रयता (एक्सपोजर) से संरक्षित अवश्य किया जाना चाहिए। AkzoNobel को आपूर्ति किए गए उत्पाद, तथा इन उत्पादों के निर्माण के लिए उपयोग किए गए कच्चे माल, सभी लागू उत्पाद नियामक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

AN_204757_071221

AkzoNobel

# ईमानदारी

## ईमानदार व्यापार आचार

हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सभी व्यापार साझेदार न्यायोचित ढंग से और ईमानदारी के साथ व्यापार का संचालन करते हैं। वे अवैध और अनुचित कार्य करने के लिए प्रलोभन के रूप में धन, उपहार या अन्य लाभों की पेशकश, वादा, लेन-देन, स्वीकार या याचना नहीं करेंगे। इसमें सुविधा भुगतान करना शामिल है। सुविधा भुगतान ऐसे भुगतान हैं जो नियमित कार्यों को करने के लिए अधिकारियों को प्रेरित करने के लिए किए जाते हैं जिन्हें वे अन्यथा करने के लिए बाध्य होते हैं।

AkzoNobel के साथ या उसकी तरफ से किसी व्यापार लेनदेन को आरंभ करना या कुछ नियमों और शर्तों को स्वीकार करना किन्हीं भी उपहारों या आतिथ्य द्वारा प्रभावित नहीं हो सकता है।

हमारे व्यापार साझेदार AkzoNobel कर्मचारियों को साधारण मूल्य से अधिक का उपहार या आतिथ्य प्रस्तावित नहीं करते हैं। वे, किसी भी परिस्थिति में AkzoNobel की ओर से कार्य करते समय, कभी भी नक़द या नक़द के समकक्ष जैसे कि उपहार कार्ड हमारे कर्मचारियों को प्रदान नहीं करते हैं, सिवाय इसके कि यह AkzoNobel के ग्राहक प्रोत्साहन कार्यक्रम के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप हो।

## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

हमारे व्यापार साझेदार निष्पक्षता से प्रतिस्पर्द्धा करते हैं और प्रतिस्पर्द्धा और स्पर्द्धारोधी कानूनों का पालन करते हैं। वे ऐसे समझौते या प्रथाएँ आरंभ नहीं करते हैं जिनके कीमत तय करने, बाजार आवंटन या हावी स्थिति का दुरुपयोग जैसे प्रतिबंधात्मक प्रभाव हों। वे AkzoNobel को या की ओर से किसी भ्रामक तरीके से उत्पादों या सेवाओं को प्रस्तावित नहीं करते हैं।

## व्यापार नियंत्रण

यह आवश्यक है कि हमारे व्यापार साझेदार उनके व्यवसाय और AkzoNobel के लिए लागू निर्यात नियंत्रण नियमों का पालन करते हैं, और यह कि जब आवश्यकता हो तो वे AkzoNobel, सीमा शुल्क और अन्य अधिकारियों को इसके बारे में परिशुद्ध और सच्ची जानकारी प्रदान करते हैं। वे हमारे साथ उनके व्यापार के लिए लागू व्यापार प्रतिबंधों, प्रतिबंधित देशों और पार्टियों सहित, की पहचान और उनका प्रबंधन करते हैं।

## बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी

हम अपने व्यापार साझेदारों से बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करने की अपेक्षा करते हैं, जिसमें AkzoNobel के भी शामिल हैं। उन्हें उपलब्ध कराई गई AkzoNobel गोपनीय सूचना के प्रकटीकरण या अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए उचित उपाय होने चाहिए।

## व्यक्तिगत डेटा

हमारे व्यापार साझेदार AkzoNobel के कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करते हैं और इस डेटा का वैध और अधिकृत व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही उपयोग करते हैं। उन्हें इस बारे में अवश्य स्पष्ट होना चाहिए कि वे व्यक्तिगत डेटा को कब और कैसे एकत्रित, उपयोग या साझा करते हैं। वे डेटा की रक्षा के लिए उपयुक्त सुरक्षा उपाय करते हैं।

## हित का संघर्ष

हमारे व्यापार साझेदारों के कर्मचारियों द्वारा AkzoNobel व्यापार लेनदेन के संबंध में लिए जाने वाले निर्णय व्यक्तिगत या निजी हितों से प्रभावित नहीं हो सकते हैं। किसी AkzoNobel कर्मचारी के साथ व्यक्तिगत या मैत्रीपूर्ण संबंधों को कर्मचारी के कारोबार संबंधी निर्णय को प्रभावित करने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है। यदि कोई कर्मचारी AkzoNobel कर्मचारी से संबंधित है, और यह किसी लेन-देन या व्यापारिक संबंध में हित का कोई संभावित संघर्ष प्रस्तुत कर सकता है तो हमारे व्यापार साझेदारों को इस तथ्य को AkzoNobel को अवश्य प्रकट करना चाहिए या सुनिश्चित करना चाहिए कि AkzoNobel कर्मचारी करता है। हमारे व्यापार साझेदार AkzoNobel के साथ या के लिए लेन-देन को प्रभावित करने हेतु राजनीतिक दलों को वित्तीय या अन्य सहायता प्रदान नहीं करते हैं।

## शेयरों में ट्रेडिंग

हमारे व्यापार साझेदार AkzoNobel से प्राप्त गोपनीय जानकारी का उपयोग करके, प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं कर सकते हैं, या दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं कर सकते हैं।

## कंपनी के संसाधन

यदि वे लोगों, सिस्टम, नेटवर्क और सुविधाओं सहित AkzoNobel के संसाधनों का उपयोग करते हैं या उनकी इन तक पहुँच है तो हमारे व्यापार साझेदारों को इन संसाधनों का उपयोग AkzoNobel के निर्देशों के अनुसार और केवल उनके अभिप्रेत व्यापार उद्देश्य के लिए ही उचित प्रकार से करना चाहिए।

## रिकॉर्ड कीपिंग

हम अपने व्यापार साझेदारों से AkzoNobel के साथ उनके लेन-देन पर परिशुद्ध, पूर्ण और अद्यतन रिकॉर्ड रखने की अपेक्षा करते हैं। ये रिकॉर्ड लागू कानूनों के अनुसार अवश्य प्रतिधारित किए जाने चाहिए।

## धोखाधड़ी की रोकथाम करना

हमारे व्यापार साझेदारों के पास, धोखाधड़ी और काले धन को वैध करने (मनी लॉन्ड्रिंग) का पता लगाने, इसकी रोकथाम करने और इस पर प्रतिक्रिया करने के लिए डिज़ाइन किया गया आंतरिक नियंत्रण अवश्य होना चाहिए। लेनदेन अवश्य उचित प्रकार से दर्ज किए जाने और समीक्षा के अध्यधीन होने चाहिए। कोई भी संभावित धोखाधड़ी जिसका AkzoNobel पर प्रभाव हो सकता है उसकी रिपोर्ट हमारे SpeakUp! प्रक्रिया का उपयोग करते हुए तुरंत की जानी चाहिए। अधिक जानकारी यहां से प्राप्त की जा सकती है: EthicsPoint - AkzoNobel.

## उचित सम्प्रेषण

हमारे साथ तथ्यात्मक और समय पर सम्प्रेषण मज़बूत संबंधों के लिए आवश्यक है। हमारे व्यापार साझेदार अनुमति के बिना हमारी गोपनीय जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे। वे व्यापार सम्प्रेषण पर सावधानी से विचार करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वे उच्च मानकों को पूरा करते हैं। वे हमारे, हमारे उत्पादों या हमारे व्यापार संबंधों के बारे में हमारी स्वीकृति के बिना प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं करेंगे।

# निरंतरता

## मानवाधिकार

हमारे व्यापार साझेदार मानवाधिकार पर सार्वभौमिक घोषणा तथा व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों में सीमांकित सभी लोगों के मानव अधिकारों को पहचानते हैं। वे हमारे लिए की गई गतिविधियों और हमारे लिए बनाए गए उत्पादों से परिणामी मानव अधिकारों के अतिलंघन से बचने तथा मानव अधिकारों पर संघात, यदि कोई हो, का उपचार करने का उत्तरदायित्व लेते हैं।

## रोजगार सम्बन्ध

भर्ती किए गए या बनाए रखे गए व्यापार साझेदार के कर्मचारी काम के लिए उपयुक्त होने चाहिए। हमारे व्यापार साझेदार कार्य पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) घोषणा के सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोगों को उनकी इच्छा के विरुद्ध नियोजित, शोषण के लिए परिवहन, गुलामी या दासता में नियुक्त, नहीं किया जाता है, न ही उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है। कानूनी न्यूनतम उम्र आवश्यकताएँ जैसे कि प्रासंगिक आईएलओ अभिसमयों तथा परिचालन के देशों के कानूनों में जो सीमांकित है उसका पालन किया जाता है और 16 से कम आयु के बच्चों को नियोजित नहीं किया जाता है।

जिन लोगों के साथ हमारे व्यापार साझेदार कारोबार करते हैं उनके साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है। हमारे व्यापार साझेदार परेशान या भेदभाव नहीं करते हैं, चाहे संस्कृति, राष्ट्रीयता, जाति, धर्म, लिंग, राजनीतिक पसंद, विकलांगता, सम्बद्धता, यौन अभिविन्यास के माध्यम से हो या उम्र के माध्यम से।

काम के घंटे और पारिश्रमिक जबकि निष्पक्ष और न्यायोचित हों कानूनों का पालन अवश्य करते हों। ओवरटाइम की क्षतिपूर्ति की जाती है और आवश्यकता के अनुसार अवकाश प्रस्तावित किया जाता है। सामूहिक सौदेबाजी करने के अधिकार सहित, अभिमत और सम्बद्धता की स्वतंत्रता के व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान किया जाता है।

## पर्यावरण और समुदाय

हमारे व्यापार साझेदार सभी प्रासंगिक पर्यावरण कानूनों का पालन करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि आवश्यक परमिट यथास्थान हैं। वे अपशिष्ट, उत्सर्जन और शोर को कम करते हुए, कच्चे माल, ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे उन समुदायों की चिंता करते हैं जिनमें वे परिचालित हैं, और उनकी चिंताओं को सुनते हैं।

## शिकायत

कानूनों के उल्लंघन या संभावित उल्लंघन और इस संहिता में प्रदत्त मूल्यों के बारे में चिंताओं को उठाने के लिए हमारे साझेदार अपने कर्मचारियों और अन्य इच्छुक पार्टियों को एक तंत्र प्रदान करते हैं। इन चिंताओं को एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संबोधित किया जाएगा। हमारे व्यापार साझेदार गोपनीयता की रक्षा करते हैं और चिंता को उठाने वालों के विरुद्ध प्रतिशोध की कार्रवाई का निषेध करते हैं।

## उपसंविदाकार अनुपालन

किसी भी पार्टी, जिसे हमारे व्यापार साझेदार AkzoNobel की ओर से या AkzoNobel के लाभ के लिए काम करने हेतु संलग्न करते हैं, को इस संहिता में मूल्यों से अवगत कराया जाएगा और उससे उनके अनुसार कार्य करने के लिए वादा कराया जाएगा।

यह संहिता AkzoNobel समूह के सम्बद्ध संगठनों के सभी व्यापारिक साझेदारों पर लागू सामान्य आवश्यकताओं से युक्त है। उच्च मानक वाले विशिष्ट संविदात्मक प्रावधान इन सामान्य आवश्यकताओं का अधिक्रमण करते हैं। यदि कानून और इस संहिता के मध्य कोई संघर्ष हो तो कानून प्रचलन में आता है। © 2020 Akzo Nobel N.V. सर्वाधिकार सुरक्षित।

AN_204757_071221